# रोटरी रीजनल मेडिकल मिशन शिविर के लिए भूमिपूजन



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 11 मार्च।** शिवपुरी। मध्यप्रदेश शासन, श्रीमंत माधवराव सिंधिया स्वास्थ्य सेवा मिशन और रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3053 के संयुक्त तत्वावधान में शिवपुरी में आयोजित होने वाले 8 दिवसीय वृहद स्वास्थ्य शिविर की तैयारियों का शुभारंभ भूमिपूजन के साथ किया गया। यह शिविर 17 से 24 मार्च 2026 तक आयोजित होगा, जिसकी प्रेरणा केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से मिली है। बुधवार को राजमाता विजयाराजे मेडिकल कॉलेज परिसर तथा मेडिकल कॉलेज के पीछे स्थित सीएम राइज विद्यालय प्रांगण में शिविर स्थल के लिए विधिवत भूमिपूजन किया गया। कायक्रम में सुंदरकांड पाठ और पुष्पांजलि सभा का आयोजन भी किया गया।

**17 से 24 मार्च तक मिलेगा नि:शुल्क उपचार**

कार्यक्रम में प्रदेश के ऊर्जा मंत्री एवं शिवपुरी जिले के प्रभारी मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि इस शिविर के माध्यम से क्षेत्र के हजारों जरूरतमंद मरीजों को विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा नि:शुल्क जांच और उपचार की सुविधा मिलेगी।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष जसवंत जाटव, कोलारस विधायक महेन्द्र यादव, पूर्व अध्यक्ष राजू बाथम, रोटरी रीजनल मेडिकल मिशन के अध्यक्ष भूपेन्द्र जैन, कॉर्डिनेटर पवन जैन, सचिव डॉ. प्रदीप पाराशर, कोषाध्यक्ष उदित चतुर्वेदी, रोटरी क्लब शिवपुरी के अध्यक्ष दीपेश सांखला और सचिव मनीष गोयल उपस्थित रहे। साथ ही रोटरी क्लब ग्वालियर के अध्यक्ष रोहित जैन और सचिव अखिल अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने कार्यक्रम में भाग लिया। यह वृहद स्वास्थ्य शिविर शिवपुरी सहित आसपास के क्षेत्रों के मरीजों के लिए बड़ी स्वास्थ्य राहत साबित होने की उम्मीद है।

**बृहद नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर के पंजीयन शुरू**

**शिवपुरी।** जिले के मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रोटरी इंटरनेशनल एवं श्रीमंत माधवराव सिंधिया मेडिकल मिशन के संयुक्त तत्वावधान में शिवपुरी में 17 से 24 मार्च 2026 तक वृहद नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर के लिए पंजीयन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। शिविर में देश के विभिन्न मल्टी स्पेशलिटी अस्पतालों से आने वाले विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मरीजों की जांच, परामर्श और उपचार किया जाएगा। खास बात यह है कि ऐसे मरीज, जिनका इलाज सामान्यत: जिला चिकित्सालय या मेडिकल कॉलेज स्तर पर संभव नहीं हो पाता, उन्हें इस शिविर में विशेष लाभ मिल सकेगा। विशेषज्ञ डॉक्टर गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों की जांच कर आवश्यक उपचार की सुविधा उपलब्ध कराएंगे। स्वास्थ्य शिविर में उपचार प्राप्त करने के लिए पंजीयन अनिवार्य किया गया है। इच्छुक मरीज क्यूआर कोड स्कैन कर या ऑनलाइन लिंक के माध्यम से अपना पंजीयन करा सकते हैं। जिला प्रशासन ने जिले के नागरिकों से अपील की है कि जिन मरीजों को गंभीर बीमारियों के उपचार की आवश्यकता है, वे इस अवसर का लाभ उठाते हुए समय पर अपना पंजीयन सुनिश्चित करें।



# गुड़ी पड़वा महामहोत्सव का शुभारंभ

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 11 मार्च।** सनातन धर्म, संस्कृति और आस्था के अद्भुत संगम के साथ शिवपुरी में गुड़ी पड़वा महामहोत्सव का भव्य शुभारंभ हुआ। खेड़ापति पीठाधीश्वर श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर स्वामी नीलमणिदास जी महाराज के पावन सानिध्य में आयोजित इस महाआयोजन के अंतर्गत 1000 सहस्त्र चंडी महायज्ञ और श्रीमद्भागवत कथा का मंगलारंभ हुआ। बलारी माता मंदिर से निकली श्रद्धा पदयात्रा जब खेड़ापति हनुमान मंदिर पहुंची, तो हजारों श्रद्धालुओं के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।

**1000 सहस्त्र चंडी महायज्ञ से गूंजेगा शिवपुरी, देवकीनंदन ठाकुर सुनाएंगे भागवत कथा**

इस अवसर पर महामंडलेश्वर नीलमणिदास जी महाराज ने समाज को अपनी जड़ों और संस्कृति से जुड़े रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि आज पाश्चात्य संस्कृति की चकाचौंध में नई पीढ़ी अपने मूल संस्कार और पारंपरिक त्योहारों को भूलती जा रही है, जो अत्यंत चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि गुड़ी पड़वा हिंदू नववर्ष का प्रतीक है और अपनी परंपराओं व सांस्कृतिक पहचान को जीवित रखना हर सनातनी का कर्तव्य है। महोत्सव का मुख्य आकर्षण विश्वविख्यात कथा व्यास श्री देवकीनंदन ठाकुर जी महाराज वृंदावन धाम की श्रीमद्भागवत कथा होगी। उनके मुखारविंद से प्रवाहित होने वाली कथा के माध्यम से श्रद्धालुओं को भक्ति, ज्ञान और वैराग्य की अमृत वर्षा का लाभ मिलेगा। साथ ही आयोजित 1000 सहस्त्र चंडी महायज्ञ राष्ट्र की रक्षा, समाज की सुख-समृद्धि और नकारात्मक शक्तियों के नाश के लिए समर्पित रहेगा। इस दौरान मोहित दास जी महाराज ने कहा कि यह आयोजन केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि समाज में बढ़ते वैचारिक प्रदूषण और अधर्म के विरुद्ध एक आध्यात्मिक शंखनाद है। उन्होंने कहा कि यह महायज्ञ समाज में समरसता और एकता का संदेश देगा। पदयात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष और संतजन शामिल हुए। मार्ग में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर संतों का स्वागत किया गया।

# नरवर में नहीं लगे परिवेदना शिविर, कर्मचारी संघ ने उठाए सवाल



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 11 मार्च।** विकासखंड नरवर में शिक्षकों की समस्याओं के निराकरण के लिए लगाए जाने वाले परिवेदना शिविर अब तक आयोजित नहीं किए जाने पर मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ ने नाराजगी जताई है। संघ के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा लोक शिक्षण संचालनालय के आदेशों की अनदेखी की जा रही है।

मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के जिला संयोजक राजेन्द्र पिपलौदा और सहसंयोजक उमाशंकर चौरसिया ने बताया कि शिवपुरी जिले के अन्य विकासखंडों में शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए विकासखंड स्तर पर परिवेदना शिविर लगाए जा रहे हैं, लेकिन नरवर में अब तक एक भी शिविर आयोजित नहीं किया गया। जब इस संबंध में विकासखंड शिक्षा अधिकारी से संपर्क किया गया तो उन्होंने कहा कि शिविर जिला स्तर पर लगाए जा रहे हैं, जबकि जिले के अन्य ब्लॉकों में विकासखंड स्तर पर ही शिविर आयोजित हो रहे हैं। संघ का कहना है कि नरवर ब्लॉक में शिक्षकों की समस्याओं का अंबार लगा हुआ है, लेकिन संकुल प्राचार्य और ब्लॉक स्तर के अधिकारी इन समस्याओं की अनदेखी कर रहे हैं। कर्मचारियों की सुनवाई के लिए कोई मंच नहीं होने से शिक्षक परेशान हैं।

**परिवेदना शिविर आयोजित कराए जाएं**

कर्मचारी संघ ने कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी से मांग की है कि नरवर में जल्द से जल्द विकासखंड स्तर पर परिवेदना शिविर आयोजित कराए जाएं और आदेशों की अनदेखी करने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।



# गैस सिलेंडर की किल्लत, एजेंसियों पर भीड़

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 11 मार्च।** शहर में इन दिनों एलपीजी गैस सिलेंडर की भारी किल्लत ने आम उपभोक्ताओं की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। पिछले दो दिनों से गैस एजेंसियों पर लंबी कतारें लग रही हैं, लेकिन पर्याप्त सप्लाई न होने के कारण लोगों को खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। हालात इतने खराब हो गए हैं कि घरेलू गैस सिलेंडर की कालाबाजारी की शिकायतें भी सामने आने लगी हैं।

**ब्लैक में 2500 तक पहुंची कीमत**

बुधवार को शहर की कई गैस एजेंसियों के बाहर उपभोक्ता सिलेंडर की तलाश में भटकते नजर आए। फतेहपुर निवासी समीर सिंह ने बताया कि जब वे गैस एजेंसी पर सिलेंडर लेने पहुंचे तो कर्मचारियों ने साफ कह दिया कि हमारे पास सिलेंडर नहीं हैं, कलेक्टर से मांगो। इस जवाब से नाराज उपभोक्ताओं और कर्मचारियों के बीच कुछ देर तक बहस की स्थिति भी बन गई। एजेंसी कर्मचारियों का कहना है कि पीछे से पर्याप्त सप्लाई नहीं मिल रही है और कई बार सर्वर डाउन होने के कारण बुकिंग प्रक्रिया भी प्रभावित हो रही है। इसके अलावा गैस बुकिंग के लिए जारी कई फोन नंबर अस्थायी रूप से बंद आ रहे हैं, जिससे उपभोक्ताओं को सिलेंडर बुक कराने में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस बीच बाजार में गैस की कमी का फायदा उठाकर कुछ लोग कालाबाजारी कर रहे हैं। उपभोक्ताओं का आरोप है कि घरेलू एलपीजी सिलेंडर ब्लैक में 2500 रुपए तक में बेचे जा रहे हैं।

**होटल, रेस्टोरेंट, डेयरी और मैरिज गार्डन संचालकों पर असर**

वहीं हाल ही में घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत में 60 रुपए की बढ़ोतरी के बाद अब इसकी कीमत करीब 983 रुपए हो गई है। स्थिति और भी गंभीर तब हो गई जब पिछले तीन दिनों से कमर्शियल गैस सिलेंडरों की सप्लाई भी लगभग ठप बताई जा रही है। इसका असर होटल, रेस्टोरेंट, डेयरी और मैरिज गार्डन संचालकों पर पड़ रहा है। शादी सीजन के बीच गैस की कमी से कई घरों में लोग मजबूरन लकड़ी और चूल्हे पर खाना बनाने को विवश हो गए हैं। अब शहरवासी प्रशासन से जल्द व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग कर रहे हैं।

# 60 लीटर कच्ची शराब जब्त, आरोपी गिरफ्तार

**शिवपुरी, 11 मार्च।** जिले में अवैध शराब के कारोबार पर नकेल कसने के लिए रन्नौद पुलिस लगातार सख्त कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में थाना रन्नौद पुलिस ने त्वरित दबिश देकर हाथ भट्टी से बनाई जा रही 60 लीटर अवैध कच्ची शराब जब्त कर एक आरोपी को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ के निर्देश पर जिलेभर में अवैध शराब के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले तथा एसडीओपी कोलारस संजय मिश्रा के मार्गदर्शन में रन्नौद थाना पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए कार्रवाई को अंजाम दिया।

रन्नौद थाना प्रभारी अरविन्द सिंह चौहान के अनुसार, 10 मार्च को रन्नौद पुलिस को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम माढा घाटी में तालाब के पास अवैध रूप से हाथ भट्टी की कच्ची शराब बनाई जा रही है और उसे बिक्री के लिए संग्रहित किया गया है। आरोपी भागने का प्रयास करने लगा, लेकिन टीम ने उसे पकड़ लिया। गए आरोपी की पहचान कल्याण आदिवासी उम्र 55 वर्ष पुत्र उमरऊआ आदिवासी निवासी विजयपुरा थाना रन्नौद के रूप में हुई। पुलिस ने करीब 60 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची शराब, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 6 हजार रुपए बताई जा रही है, जब्त की। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। उक्त कार्रवाई में उपनिरीक्षक अरविंद सिंह चौहान, प्रधान आरक्षक जगेश सिंह सिकरवार, अख्तर खान, आरक्षक गौरिश औझा, वकील गुर्जर, महेश पटेलिया तथा महिला आरक्षक कृष्णा पाल की सराहनीय भूमिका रही।

## मासूमों से अश्लील हरकत, आरोपी गिरफ्तार

**शिवपुरी, 11 मार्च।** शहर के फिजिकल थाना क्षेत्र में दो मासूम नाबालिग बच्चियों को चॉकलेट का लालच देकर उनके साथ अश्लील हरकत करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार 11 मार्च को एक महिला ने फिजिकल थाने में शिकायत दर्ज कराई कि इंद्रा कॉलोनी में रहने वाला बल्लू साहू उसकी 6 और 5 वर्ष की नाबालिग बच्चियों को चॉकलेट दिलाने का बहाना बनाकर अपने साथ ले गया और उनके साथ बुरी नीयत से अश्लील हरकत की।

# 19 से 27 तक लगेगा बलारी माता का चैत्र नवरात्रि मेला



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 11 मार्च।** ग्राम बलारपुर स्थित प्रसिद्ध बलारी माता मंदिर में आयोजित होने वाले चैत्र नवरात्रि मेले की तैयारियां तेज हो गई हैं। 19 से 27 मार्च तक लगने वाले इस धार्मिक मेले को लेकर बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट रवीन्द्र कुमार चौधरी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें व्यवस्थाओं को लेकर संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

**कलेक्टर ने की तैयारियों की समीक्षा**

बैठक में मंदिर के पुजारी ने बताया कि 23 से 25 मार्च के बीच श्रद्धालुओं की भीड़ अन्य दिनों की तुलना में अधिक रहने की संभावना है। इसे देखते हुए कलेक्टर ने सभी विभागों को समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने मंदिर तक जाने वाले मार्गों की मरम्मत, साफ-सफाई, पेयजल के लिए टैंकर की व्यवस्था, महिला-पुरुष प्रसाधन, फायर ब्रिगेड और एम्बुलेंस की तैनाती सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही मेला ग्राउंड और पार्किंग स्थलों पर आवश्यक बैरिकेडिंग कराने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि मंदिर वन क्षेत्र की सीमा में स्थित होने के कारण लाउडस्पीकर, डीजे-बैंड, ध्वनि विस्तारक यंत्र, पशु बलि और पॉलिथीन के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा, ताकि वन्यजीवों और पर्यावरण को किसी प्रकार की क्षति न पहुंचे।

मेले के दौरान यातायात व्यवस्था सुचारू रखने के लिए निर्धारित मार्गों पर पुलिस बल की तैनाती तथा अनाधिकृत प्रवेश को नियंत्रित करने के निर्देश भी दिए गए। साथ ही निर्बाध विद्युत आपूर्ति और बैकअप व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़, उपसंचालक नेशनल पार्क हरिओम, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजीव मुले, एसडीएम आनंद राजावत, मंदिर समिति के सदस्य और विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## पोहरी में धूमधाम से मनाई जाएगी आदिनाथ जयंती

**पोहरी, 11 मार्च।** सकल दिगम्बर जैन समाज द्वारा गुरुवार को भगवान आदिनाथ जयंती हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाई जाएगी। इस अवसर पर जैन मंदिर में धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें समाज के बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी बंधु शामिल होंगे। कार्यक्रम की शुरुआत प्रात: 6:30 बजे अभिषेक एवं शांतिधारा से होगी। इसके बाद सुबह 8:30 बजे भगवान श्रीजी का भव्य चल समारोह निकाला जाएगा, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरेगा। चल समारोह में श्रद्धालु भक्ति गीतों के साथ भगवान की वंदना करेंगे। इसके बाद रात 7:30 बजे से चंदाप्रभु जिनालय पाठशाला के बच्चों द्वारा धार्मिक नाटक की प्रस्तुति दी जाएगी।

# रात्रि में प्रभारी मंत्री का जिला अस्पताल में औचक निरीक्षण



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 11 मार्च।** प्रदेश के ऊर्जा मंत्री एवं शिवपुरी जिले के प्रभारी मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बुधवार देर रात प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के साथ जिला चिकित्सालय शिवपुरी का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों और उनके साथ आए परिजनों से सीधे बातचीत कर उपचार, दवाइयों और अन्य सुविधाओं की जानकारी ली।

**मरीजों से पूछी सुविधाओं की हकीकत**

प्रभारी मंत्री ने अस्पताल के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का आकलन किया। इस दौरान जहां भी व्यवस्थाओं में कमियां नजर आईं, वहां संबंधित अधिकारियों को तत्काल सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल में आने वाले मरीजों को बेहतर और सुगम उपचार उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। श्री तोमर ने अधिकारियों से कहा कि अस्पताल की व्यवस्थाओं पर लगातार निगरानी रखी जाए और मरीजों को किसी भी प्रकार की परेशानी न होने दी जाए। उन्होंने साफ कहा कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक मजबूत बनाने के लिए नियमित निरीक्षण और जनसंवाद जारी रहेगा। रात्रि में हुए इस औचक निरीक्षण से अस्पताल प्रशासन में हलचल मच गई और अधिकारियों ने व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने का भरोसा दिलाया।

# शा. सांदीपनि उमावि पोहरी के 7 विद्यार्थियों का चयन




**नवभारत न्यूज**
**पोहरी, 11 मार्च।** शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पोहरी के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय मीन्स-कम-मेरिट छात्रवृत्ति परीक्षा 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। परीक्षा परिणाम में विद्यालय के 7 विद्यार्थियों का चयन हुआ है।

चयनित विद्यार्थियों में हिमांशी राठौर पिता दुर्गेश राठौर, पियूष प्रजापति पिता रामसिंह प्रजापति, अर्श काजी पिता काजी ईलियास अहमद, तनुष्का धाकड़ पिता हेमंत धाकड़, तनिष्का वर्मा पिता नेपाल वर्मा, राहुल जाटव पिता सरोज कुमार जाटव और निखिल जाटव पिता सरदार सिंह जाटव शामिल हैं। विद्यार्थियों की इस सफलता पर विद्यालय परिवार, शिक्षकों और अभिभावकों में खुशी का माहौल है। विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने सभी चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। शिक्षकों ने कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत, अभिभावकों के सहयोग और विद्यालय के मार्गदर्शन से यह सफलता संभव हो पाई है।

# रंग-गुलाल के साथ मनाया गया खंगार-परिहार समाज का होली मिलन



**नवभारत न्यूज**
**पोहरी, 11 मार्च।** नगर में क्षत्रिय खंगार-परिहार समाज का होली मिलन समारोह उत्साह और भाईचारे के माहौल में संपन्न हुआ। समारोह में दूर-दराज से आए समाज के युवाओं और समाज बंधुओं ने एकत्रित होकर एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर गले मिलते हुए होली की शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम के दौरान आपसी परिचय, सामाजिक एकता और समाज के विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही समाज में शिक्षा के प्रसार, युवाओं को नशे से दूर रखने और सामाजिक गतिविधियों को मजबूत बनाने पर विशेष जोर दिया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता बॉबी राजा परिहार ने की। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में महेश परिहार (गणेशखेड़ा), मजबूत सिंह परिहार, गोलू परिहार तथा अरुण खंगार (सोनीपुरा) उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि समाज को आगे बढ़ाने के लिए शिक्षा बेहद जरूरी है और युवाओं को नशे जैसी बुराइयों से दूर रहना चाहिए। साथ ही समाज की भागीदारी राजनीति में बढ़ाने पर भी बल दिया गया।

बैठक में समय-समय पर सामाजिक गतिविधियों पर विचार-विमर्श करने तथा भविष्य में सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित करने पर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में भाईचारा, संस्कृति और परंपराओं को मजबूत करना बताया गया।